आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समीप स्थित हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की है। संस्थान के स्थापना दिवस के मौके पर आज उन्होंने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह की दूरदर्शी नीतियों के कारण देश के लोग आत्म सम्मान के साथ खडे हैं और हिमाचल के विकास में भी उनका विशेष योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि लोगों का भविष्य सुखमय हो। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में सफल रही है जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का भी सहयोग मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने संस्थान में स्पैशल एजुकेटर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।

## वाहन रवाना

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कैंसर रोगियों व अस्पताल जाने में असमर्थ मरीजों की सुविधा के लिए एक देखभाल वाहन को रवाना किया। इस देखभाल वाहन में एक चिकित्सक, एक समाज शास्त्री और एक नर्स मौजूद रहेंगे। शुरूआत में ये सेवा आईजीएमसी शिमला के 40 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले मरीजों को प्रदान की जाएगी। इस पहल के तहत मरीजों को दवाईयां और ड्रैसिंग किट निःशुल्क दी जाएंगी।

## केंद्रीय मंत्रिमण्डल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मद में आवंटित राशि बढाकर 69 हजार पांच सौ 15 करोड रुपये कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत बीमित किसानों में 88 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान हैं, और इनमें 57 प्रतिशत किसान अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से आते हैं। अश्वनी वैष्णव ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत एक लाख 70 हजार करोड रुपये की राशि का भुगतान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि नव वर्ष–2025 में मंत्रिमंडल की पहली बैठक किसानों को समर्पित है।

## भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित राजभवन में आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी राज्यपाल से भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## नव वर्ष

प्रदेश भर में नए साल 2025 का स्वागत पूरे जोश के साथ किया गया। नए साल का जश्न मनाने के लिए लगभग तीन लाख से ज्यादा सैलानी मनाली, शिमला, धर्मशाला सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर पहुंचे हैं। पर्यटकों की भारी तादाद को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। राजधानी शिमला के मॉल रोड व रिज मैदान पर आधी रात को आतिशबाजी के साथ लोगों ने जश्न मनाया, हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर चल रहे राष्ट्रीय शोक के मददेनजर सार्वजनिक तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया गया।

## शिलान्यास

चंबा जिले में भटियात क्षेत्र के राजकीय आदर्श विद्यालय टुंडी के भवन का विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिलान्यास किया। इस भवन के निर्माण पर करीब पांच करोड़ 95 लाख रूपए की राशि खर्च होगी। पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में होने जा रही है जिससे आने वाले समय में शिक्षकों की कमी को पूरा कर लिया जाएगा।

## हिम महोत्सव

दिल्ली के आई.एन.ए. स्थित प्रसिद्व दिल्ली हाट में आज से 15 जनवरी तक दूसरे हिम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में लोगों को हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक पकवानों के अलावा कला संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। प्रदेश के प्रधान सचिव उद्योग आर. डी. नजीम ने बताया कि इस महोत्सव में राज्य के सभी 12 जिलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कांगड़ा चित्रकला व चंबा रूमाल सहित कला व शिल्पकला की प्रदर्शनियां लगाई जा रही हैं।

---